हरियाणा से जयपुर हथियारों की सप्लाई करने आए दो बदमाश दबोचे

मोहित

प्रीतम

आरोपियों से बरामद हथियार और कारतूस मिले।

- एटीएस की टीम ने दोनों को सिंधी कैम्प बस स्टैंड से गिरफ्तार किया
- आरोपियों से दो अवैध हथियार और चार जिंदा कारतूस बरामद किए

जयपुर,(कासं)। हरियाणा से जयपुर हथियारों की सप्लाई करने आ रहे दो अंतर राज्य हथियार तस्करों को राजस्थान एटीएस की टीम ने मंगलवार को जयपुर में सिंधी कैंप बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 2 अवैध पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस जब्त किए।

एटीएस-एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अशोक राठौर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहित गुर्जर (24) थाना बावल हरियाणा और पूरण सिंह उर्फ प्रीतम उर्फ बल्लू जाट (23) शक्ति नगर बहादुरगढ़ हरियाणा के रहने वाले हैं।

राठौर ने बताया कि हरियाणा निवासी दो युवकों द्वारा अवैध हथियारों की सप्लाई के लिए जयपुर आने की सूचना पर डीआईजी अंशुमन भौमिया के निर्देशन में एटीएस से टीम गठित की गई।

मंगलवार को एटीएस की टीम ने सिंधी कैंप बस स्टैंड से हथियार तस्कर मोहित गुर्जर और पूरण सिंह उर्फ प्रीतम उर्फ बल्लू जाट को गिरफ्तार कर उनके पास से दो अवैध हथियार और चार जिंदा कारतूस बरामद किए। इस संबंध में एसओजी थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। आरोपी हथियारों की डिलीवरी करने के लिए हथियार लेकर जयपुर आए थे। यहां पर कोड वर्ड से डिलीवरी करने के बाद ये बदमाश हथियार देते लेकिन उससे पहले ही एटीएस ने इन बदमाशों को धर दबोचा।

दोनों बदमाश मूल रूप से हथियार सप्लाई का काम किया करते हैं। ये लोग हथियारों की डिलीवरी से पहले कोड वर्ड पूछते हैं। हथियारों की डिलीवरी के दौरान कोड वर्ड बताने के बाद ही हथियारों की डिलीवरी दी जाती हैं। कोडवर्ड भी हथियारों की डिमांड के दौरान और पैसा देने के वक्त ही तय हो जाता था। हथियारों की डिलीवरी तीन दिन में होती हैं। दोनों बदमाश जयपुर में किसे हथियार सप्लाई करने आए थे और कहां से हथियार लेकर आते हैं इस सम्बन्ध में दोनों से गहनता से पूछताछ की जा रही हैं।

वारंट तामील करवाने गए कांस्टेबल से की मारपीट

जयपुर। शिप्रा पथ इलाके में एक फायर अधिकारी ने वारंट तामील कराने आए कांस्टेबल को बंधक बना उससे मारपीट कर दी। कांस्टेबल ने मामले की जानकारी अपने अधिकारियों को दी तो फायर अधिकरी उन्हें भी गाली-गलौच करने लग गया। आला अधिकारियों के दखल के बाद कांस्टेबल फायर अधिकारीक के चुगंल से निकल कर थाने पहुंचा। पुलिस ने पीड़ित कांस्टेबल की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि फायर अधिकरी राजेन्द्र नागर 22 गोदाम पर स्थित फायर केन्द्र में चीफ अफसर के पद पर कार्यरत है और दुर्गापुरा शिप्रा पथ मानसरोवर में रहता है। पीड़ित कांस्टेबल बबन मिश्रा (48) निवासी कृष्णापुरी मानसरोवर निवासी एसीबी में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। कांस्टेबल बबन मिश्रा फायर अधिकरी राजेन्द्र नागर के घर पर वारंट तामिल करवाने गया था। जिसकी गवाही आगामी तारीख 7 जुलाई थी। राजेन्द्र ने कांस्टेबल बबन को घर के अन्दर बुलाया और उससे मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान फायर अधिकारी राजेन्द्र ने मानसरोवर फायर केन्द्र से वर्दी में तीन चार फायर कर्मचारियों को बुला लिया। उन्होंने भी कांस्टेबल के साथ मारपीट की।मामला बढ़ता देख कांस्टेबल ने अपने आरआई कमल मीणा को इस मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद कमल मीणा ने फायर अधिकरी राजेन्द्र से बात कि तो उसे भी गाली गलौच करने लग गया और बोला तू तेरे डीजी से बात करा दे, आज तुम्हे नहीं छोडूंगा। मुख्यालय से एड़िशन एसपी से बात करवाने पर उन्हे भी बोला तूम भी आ जाओ। तुम्हे भी देख लूंगा। जिसके बाद राजेन्द्र नागर ने करीब दो घन्टे कांस्टेबल बबन मिश्रा को घर में बन्द रखा। मामला बढ़ता देख एड़िशन एसपी राजेन्द्र के घर पहुंचे और चोटिल अवस्था में कांस्टेबल को छुडवाया। जिसके बाद कांस्टेबल ने थाने पहुंच कर फायर अफसर के खिलाफ मामला दर्ज कराया। बताया जा रहा है कि फायर अधिकरी राजेन्द्र नागर ने गेट पर बातचीत करने के बाद कांस्टेबल बबन मिश्रा को अन्दर आकर जमानती मुचलका भरने की बात कहीं। जैसे ही कांस्टेबल ने जमानती मुचलका निकाला वैसे ही फायर अधिकारी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और मुचलके को फाड़ दिया।

दो महिला सहित छह शराब तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) द्वारा चलाए जा रहे अवैध शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान के पांचवें दिन पुलिस ने आबकारी अधिनियम में छह प्रकरण दर्ज कर दो महिला सहित छह शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उनके पास से अवैध देशी शराब की लगभग 13 पेटी बरामद की है। अब तक सीएसटी ने 68 प्रकरण दर्ज कर 17 महिला सहित 66 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से लगभग 274 पेटी अवैध शराब, बिक्री राशि 41 हजार 145 रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त चौपहिया वाहन बरामद किए जा चुके है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने बताया कि जयपुर शहर में अभियान के तहत सीएसटी ने करधनी, विद्याधर नगर, जवाहर सर्किल, ब्रहम्पुरी एवं शास्त्रीनगर थाना इलाकों में कार्रवाई की। इस दौरान प्रीतम सिंह निवासी अमरसर हाल करधनी जयपुर, कन्या सांसी निवासी महेन्दवास हाल श्रीजी नगर दुर्गापुरा जयपुर, सोहेल निवासी आमेर रोड जय, दिलीप कुमार कलवानी निवासी जवाहर सर्किल , सुशीला देवी निवासी करधनी जयपुर और ताराचन्द जाट निवासी मलसीसर जिला झुन्झुनू को गिरफ्तार कर उनके पास से 13 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की है।

दोस्ती से इंकार करने पर युवक ने आपत्तिजनक बात लिखी

जयपुर। राजधानी के जयसिंह खोरपुरा इलाके में एक सिरफिरे युवक ने दोस्ती से इंकार करने पर युवती को कॉल गर्ल बताते हुए उसका मोबाइल नम्बर दीवार पर लिख दिया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट समेत सात धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि 16 साल की लड़की ने अपने पिता के साथ आकर थाने में केस दर्ज कराया। उसने बताया कि वह आठवीं क्लास में पढ़ती है। कुछ समय पहले उसकी एक दोस्त जिसकी अब शादी हो चुकी है, उसने एक लड़के से बात करने को कहा। मोनू नाम के लड़के से मिलवाया और कहा कि यह तुम्हारा ध्यान रखेगा। इस पर मोनू ने मुलाकात की और लड़की को एक फोन दिया और कहा कि बात कर लेंगे। कुछ दिन तक सब सही चला, लेकिन उसके बाद मोनू ने स्कूल आने जाने के दौरान लड़की को परेशान करना शुरू कर दिया। बीच सड़क उसका हाथ पकड लेता और जबरन अपने साथ ले जाता। उसके बाद अश्लील हरकतें करता। लड़की ने लड़के से दोस्ती करना, फोन पर बात करना मंजूर नहीं किया तो लड़के ने हदें पार कर दी। उसने लड़की के मौहल्ले में दीवारों पर लड़की को कॉल गर्ल बताते हुए उसके नंबर लिख दिए, उसके पिता तक के नंबर लिख दिए। लड़की के पास और उसके पिता के पास साथ चलने के लिए जब फोन आने लगे तो मामला खुलकर सामने आया। उसके बाद ही परिजनों को इसकी जानकारी मिल सकी। अब मामला जयसिंह पुरा खोर थाने में दर्ज कराया गया है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट समेत सात धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

'जनसंख्या असंतुलन भी चिंता का विषय'

जयपुर। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मंगलवार को मानसरोवर में मनसंचार विमर्श समूह द्वारा लैंगिक समानता की शक्ति थीम को लेकर चर्चात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चर्चा में प्रतिभागियों ने इस बात पर जोर दिया कि यदि विश्व की अनंत संभावनाओं को उजागर करना है तो विश्व की आधी आबादी नारी जाति का सशक्तिकरण अति आवश्यक है।

चर्चा में प्रतिभागियों ने बढ़ती आबादी के साथ ही जनसांख्यिकी परिवर्तन पर भी चिंता व्यक्त की। भारत की जनगणना सांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार 1951 में जो हिंदू आबादी 84.1 थी वह 2011 में घटकर 80 से भी नीचे आ गई है ।

जबकि मुस्लिम आबादी 9.8 प्रतिशत से बढ़कर 14.2 फीसदी तक पहुंच गई है। यह डेमोग्राफी परिवर्तन चिंतनीय है।

परिवार नियोजन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक प्रयास बढ़ाने होंगे : मीणा

जयपुर। चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा है कि प्रदेश में परिवार नियोजन सेवाओं में आमजन विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक व्यापकता के साथ योग्य दम्पत्तियों को जोड़कर सामूहिक प्रयास बढ़ाने होंगे।

- राज्यस्तरीय सम्मान समारोह में उत्कृष्ठ उपलब्धि पर मिले पुरस्कार

चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने समारोह में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले लोगों को पुरस्कृत किया।

मीणा ने मंगलवार को विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्यस्तरीय परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने परिवार कल्याण से संबंधित प्रचार-प्रसार के पोस्टर-फ्लिप चार्ट सामग्री का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि समाज को अब बेटा-बेटी एक समान का संदेश समझना होगा और बेटे के चाह में परिवार को बढ़ाने की सोच अब हर व्यक्ति को बदलनी होगी।उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के सभी साधनों की जानकारी व सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करके बढ़ती जनसंख्या के स्थिरीकरण की दिशा में और अधिक सशक्त कदम बढ़ाने होंगे।

परिवार की खुशहाली और स्वस्थ जीवन की परिकल्पना को साकार करने में चिकित्सा क्षेत्र में अनेक नवाचार शुरू करने के साथ ही निरंतर चिकित्सकीय संसाधनों की बढ़ोतरी की गयी है। इनका सीधा लाभ आमजन को मिले और इनका समुचित उपयोग सुनिश्चित करना होगा।मीणा ने परिवार नियोजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों सहित व्यक्तिगत कार्मिकों एवं संस्थानों को प्रमाण पत्र तथा निर्धारित पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

छात्र नेता पर हमला कर गाड़ी में तोड़फोड़ की

- फोन पर मौज मस्ती के लिए गाड़ी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी

जयपुर। राजधानी के गांधी नगर थाना इलाके में एक छात्र नेता को मौज मस्ती के लिए गाड़ी देने की मांग करने और ऐसा नहीं करने पर यूनिवर्सिटी में घुसने नहीं देने का मामला सामने आया है। धमकी देने के बाद छात्र नेता की गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर डाली। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एनएसयूआई के छात्रनेता महेश चौधरी ने मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि उनके मोबाइल पर सोमवार शाम को अनजान नंबर से कई बार कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को हॉस्टल का स्टूडेंट बताते हुए घूमने के लिए उसकी गाड़ी मांगी और उसे विश्वविद्यालय में घुसने नहीं देने की भी धमकी दी। गाड़ी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। इसके बाद जब वह राजस्थान विश्वविद्यालय से नगर निगम की तरफ जा रहा था, तो उसकी गाड़ी पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। इसके बाद बापू नगर स्थित घर के बाहर खड़ी गाड़ी पर भी अज्ञात बदमाशों ने हमला कर तोड़फोड़ की। इस घटना के बाद गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। जिस अनजान नंबर से छात्रनेता महेश चौधरी के मोबाइल पर कॉल आया था। उसके आधार पर हमलावरों की तलाश में पुलिस जुट गई है। इसके साथ ही पुलिस ने महेश चौधरी और उसके साथियों से भी घटना की जानकारी ली है।

बिजनेसमैन से दो करोड़ की रंगदारी मांगने वाला हिस्ट्रीशीटर दबोचा

- आरोपी ने पीड़ित को उसी की ही गाड़ी सहित अपहरण कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर दो करोड़ की रंगदारी मांगी थी

जयपुर। राजधानी की वैशाली नगर थाना पुलिस ने लॉरेंस गैंग के नाम से एक बिजनेसमैन को डरा धमका कर दो करोड़ की रंगदारी वसूलने की धमकी देने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि सीकर के रामगढ़ निवासी संदीप सिंह (35) का कपड़ों का बिजनेस है। खातीपुरा के जसवंत नगर में उनकी गारमेंट शॉप भी है। 1 जुलाई की रात करीब 8 बजे शॉप के बाहर खड़ी फॉर्च्यूनर में बिजनेसमैन बैठा था। गाड़ी में बैठने के कुछ देर बाद ही 4-5 बाइक पर आए बदमाशों ने उसे घेर लिया। फिर एक कार आकर रुकी। उसमें से सीकर का हिस्ट्रीशीटर लोकेंद्र सिंह उर्फ मानसिंह उर्फ लक्की रानोली (29) नीचे उतरा। फिल्मी स्टाइल में फॉर्च्यूनर का गेट खोलकर दो साथियों के साथ अंदर बैठ गया।

संदीप को साइड सीट पर बैठकर एक बदमाश फॉर्च्यूनर ड्राइव करने लगा। बिजनेसमैन को उसकी ही फॉर्च्यूनर में बदमाशों ने किडनैप कर लिया। चलती गाड़ी में बदमाशों ने उससे मारपीट की। बदमाश लक्की रानोली ने गाली-गलौज कर 2 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी। रुपए की डिमांड पूरी नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। बिजनेसमैन ने गुस्से में आकर विरोध करने का प्रयास किया। इस पर बदमाश लक्की ने पिस्तौल निकालकर तान दी। किडनैप कर बदमाश बिजनेसमैन को जयपुर से बाहर ले गए। रोड किनारे गाड़ी रोककर फिर धमकाया। डिमांड पूरी कर देना, नहीं तो जान से जाएगा। धमकी देने के बाद बदमाश लक्की रानोली अपने दोनों साथियों के साथ उसे फॉर्च्यूनर में बैठा छोड़कर नीचे उतर गया। पीछे आ रही गाड़ी में बैठकर सभी बदमाश चले गए।फॉर्च्यूनर को ड्राइव कर संदीप अपने घर आ गया। रंगदारी के लिए किडनैपिंग के चलते बिजनेसमैन के साथ ही उसके परिवार में डर का माहौल बैठ गया। जैसे-तैसे हिम्मत कर पीड़ित बिजनेसमैन ने 7 जुलाई को वैशाली नगर थाने में दर्ज करवाई। पुलिस ने बताया कि बिजनेसमैन की शिकायत पर तुरंत दर्ज की गई। वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ ही बदमाशों की तलाश की गई। 9 जुलाई को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि सीकर का हिस्ट्रीशीटर लक्की रानोली वैशाली नगर आया है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वैशाली नगर में घूम रहे बदमाश लक्की रानोली को गिरफ्तार कर लिया। करीब 5 महीने पहले जयपुर पुलिस ने लक्की रानोली को पकड़ा था। बदमाश लक्की रानोली को नेकर-बनियान में नंगे पैर हथकड़ी लगाकर शहर में घुमाया था।

एस.एम.एस. अस्पताल में मरीज के चार जोड़ बदले

जयपुर। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में गठिया रोग से पीड़ित महिला के दोनों घुटने और दोनों कुल्हे के जोड़ों का सफल प्रत्यारोपण हुआ है। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में सवाई मानसिंह अस्पताल में पहली बार किसी एक ही मरीज के चारों जोड़ बदले गए हैं। अस्थि रोग विभाग की इकाई 4 में भर्ती मरीज चुकी देवी पत्नी बागता राम उम्र 48 साल ग्राम निवासी पाटोलिया तहसील जायल ज़िला नागौर के जोड़ों का सफल प्रत्यारोपण किया गया है। तीन सप्ताह पहले दोनों घुटनों का और अब दोनों कूल्हे के जोड़ बदल दिये गए हैं।

गौरतलब है कि पिछले छह वर्षों से मरीज बिस्तर पर थी। बिल्कुल भी चल फिर नहीं पाती थी। अब यह आराम से चल सकेगी। चुकी देवी चलने की उम्मीद छोड़ चुकी थी। मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के अन्तर्गत मरीज़ के चारों जोड़ बदले गए। मरीज का समस्त उपचार एवं ऑपरेशन नि:शुल्क किए गए हैं। ये ऑपरेशन इकाई 4 के प्रमुख सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर रतन लाल दायमा के नेतृत्व में ट्रॉमा सेंटर इंजार्च सीनियर प्रोफेसर डॉ. अनुराग धाकड़ ने किए । अन्य सहयोगी चिकित्सक डॉ. हीरा लाल धवन सहायक आचार्य, डॉ. ओमेन्द्र, डॉ. शुभम भी साथ रहे । निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्ष सीनियर प्रोफेसर डॉ. श्री फल मीना, डॉ. ममता खंडेलवाल, डॉ. सोनाली एवं डॉ. अमित कुलश्रेष्ठ ने मरीज को एनेस्थीसिया दिया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना लागू होने के पूर्व एक जोड़ बदलने का खर्चा लगभग 1.25 से 1.50 लाख रुपये आता था। यानि चारों जोड़ का खर्चा लगभग 6 लाख रुपये आता। चिरंजीवी योजना के लाभ स्वरूप मरीज के 6 लाख रुपये बच गए।

सार-समाचार

पॉच मंजिला बिल्डिंग में 16 फ्लेट्स सील

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-6 में अनुमोदित आवासीय योजना उद्योग नगर के भूखण्ड संख्या-10 में जविप्रा की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के जीरो सेटबेक पर बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर उल्लंघन कर 5 मंजिला वृहद् अवैध बिल्डिंग में 16 फ्लैट्स की नियमानुसार पुख़्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-6 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित अनुमोदित आवासीय योजना उद्योग नगर, बोरिंग चौराहा, झोटवाड़ा जयपुर के भूखण्ड संख्या-10 क्षेत्रफल करीब 386 वर्गगज में जविप्रा की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के जीरों सेटबैक पर बिल्डिंग बॉयलाज का गंभीर उल्लंघन कर गंभीर प्रकृति की 5 मंजिला वृहद् अवैध बिल्डिंग-16 फ्लैट्स की नियमानुसार पुख़्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। उक्त गंभीर प्रकृति के वृहद अवैध निर्माण का अवधान में आने पर भूस्वामी को नोटिस जारी किया जाकर अवैध निर्माण रूकवाया जाकर उक्त वृहद स्तर के अवैध निर्माण को हटा लेने हेतु पाबंद किया गया था।

उच्च स्तरीय समिति गठित

जयपुर, (का.सं.)। विधानसभा द्वारा पारित स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम-2022 के संबंध में बनाए जा रहे नियम व उपनियमों के लिए मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गयी है। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शुभ्रा सिंह ने बताया कि उक्त समिति स्वास्थ्य का अधिकार कानून से जुड़े सभी हितधारकों से गहन विचार-विमर्श करके, उनके द्वारा दिये गये उपयोगी सुझावों को शामिल करते हुए अपनी अनुशंसा राज्य सरकार को भेजेगी। सिंह ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंसेज नई दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर डॉ. एस.के.सरीन इस समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति में प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा टी.रविकांत, राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मिशन निदेशक एन.एच.एम., वी.सी. आर.यू.एच.एस. डा. सुधीर भंडारी, एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, वित्त एवं कानून विभाग के एक-एक प्रतिनिधि को सदस्य बनाया गया है। निदेशक जनस्वास्थ्य उक्त समिति के सदस्य सचिव होंगे।

चोरी की बाइक सहित बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने मालपुरा गेट थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन चोर राजेश कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध)सुलेश चौधरी ने बताया कि सीएसटी ने मालपुरा गेट थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर राजेश कुमार वर्मा निवासी श्रीराम नगर कॉलोनी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी की बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद अन्य मोटरसाइकिल चोरी कर अपनी मोटरसाइकिल के नम्बर लगाकर उपयोग में लेता है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है जिसमें और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

रोजगार गारंटी पर बनाएंगे एक्ट'

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को प्रदेश के 51 लाख 21 हजार 969 पेंशनरों के बैंक खातों में 1005 करोड़ 41 लाख 28 हजार 750 रुपए हस्तांतरित किए। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास पर राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में मई-जून माह की बढ़ी हुई पेंशन राशि (न्यूनतम 1000 रुपए) डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से भेजकर राहत पहुंचाई। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को महंगाई से राहत और उनकी सामाजिक सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। गहलोत ने लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में कहा कि आमजन को न्यूनतम आय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में कमी नहीं रखी जाएगी। इसी भावना को लेकर राजस्थान विधानसभा के आगामी सत्र में सामाजिक सुरक्षा पेंशन और रोजगार गारंटी को लेकर एक्ट बनाएंगे।

परकोटे के मुख्य बाजारों से अतिक्रमण हटाये

नगर निगम की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को परकोटे के मुख्य बाजारों व प्रमुख मार्गों से अस्थाई अतिक्रमण हटाये।

जयपुर, (का.सं.)। नगर निगम जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के निर्देश पर उपायुक्त मनीषा यादव के निर्देशन मे सतर्कता शाखा ने मंगलवार को परकोटे के मुख्य बाजारों व प्रमुख मार्गों से अस्थाई अतिक्रमण हटाये।

गुर्जर ने बताया कि निगम हैरिटेज के अस्थायी अतिक्रमण दस्ते ने मय पुलिस जाप्ता के द्वारा बड़ी चौपड़ से छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार, संसार चन्द रोड़, 22 गोदाम सर्किल के पास, डीएलबी के पास, गुर्जर की थड़ी सहित अनेक स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाया व 4 ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में जमा करवाया गया व मौके पर 3 व्यापारियों से 12000 रूपये कैरिंग चार्ज वसूल कर रसीद काटी गई।

गुर्जर ने बताया की अतिक्रमियों को भविष्य में फुटपाथों सार्वजनिक स्थानों व परकोटे के मुख्य बाजारों व प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण नहीं करने के लिए सूचित किया गया अन्यथा भविष्य में और भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

फर्जीवाड़ा कर लोन उठाया

जयपुर। राजधानी के विधायकपुरी और झोटवाड़ा थाने में एक गिरोह द्वारा लोगों से दोस्ती कर व काम दिलाने का झांसा देकर उनके दस्तावेजों से लोन उठाने कर गाड़ी खरीदने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

विधायकपुरी थाने में 16 मई को करणी पैलेस निवासी पूनम ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया कि वह गोपालबाड़ी स्थित जोवियल क्लब प्रा. लि. कंपनी में वर्ष 2022 में नौकरी पर लगी। वहां पर कंपनी मालिक भानूप्रताप ने कहा कि आयकर विभाग में लग्जरी कारें लगाने के लिए कंपनी को टेंडर मिला है। एक कार तुम्हारे नाम से फाइनेंस करवाएंगे। यह कहते हुए परिवादिया से कुछ दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवाए। बाद में बैंक से लोन चुकाने के लिए फोन आने लगे, तब पता चला कि उसके नाम से दो कार पर लोन लिया गया है, जबकि उसके पास एक भी कार नहीं है। पूनम ने बताया कि और भी कई लोग इस चंगुल में फंसे हैं। वहीं खातीपुरा स्थित सत्य नगर निवासी रामलाल शर्मा ने झोटवाड़ा थाने में 26 जून को रिपोर्ट दर्ज करवाई।

भाजपा में शामिल हुए सदस्य नड्डा से मिले

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए हाल ही में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों सहित कांग्रेस व अन्य राजनैतिक दलों से आए प्रमुख नेताओं ने आज दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ,प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी , प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा , जोईनिंग कमेटी संयोजक विधायक वासुदेव देवनानी एवं मीडिया संपर्क प्रमुख आनंद शर्मा उपस्थित रहे।राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी नेताओं को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का मंत्र भी दिया। मुलाकात करने वाले प्रमुख नेताओं मे पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष मेहरिया, गोपाल मीणा सेवानिवृत्त महानिदेशक, रामदेव सिंह पूर्व सेवानिवृत्त आईपीएस, पृथ्वीराज मीणा सेवानिवृत्त आईएएस, पी आर मीणा पूर्व रेवेन्यू अधिकारी, हेमंत शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, ओमप्रकाश पहाड़िया पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ पहाड़िया के पुत्र, विजेंद्र सिंह शेखावत अशोक कुमार वमा, चंद्रमोहन मीणा प्रमुख रहे ।

'शंका आराध्य के प्रति नहीं, अपने प्रति करें '

जयपुर, (का.सं.)। राजधानी के टोंक रोड़ स्थित प्रताप नगर सेक्टर 8 दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे चातुर्मास के दौरान मंगलवार को सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य सौरभ सागर ने कहा की घर में सांप होने की शंका उत्पन्न होने पर, वहां सुख की नींद सोना दुभर हो जाता है। उसी प्रकार जिसके मन में शंका का कीड़ा प्रवेश कर जाता है, उसकी सम्यकत्व की भूमिका दूर हो जाती है, शंका का पर्दा आंखों में पड़ जाता है, तो कुछ दिखायी नहीं पड़ता है। शंका की नागिन जिसे डस लेती है, उसे तड़फ-तड़फ कर ही मरना पड़ता है।